# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

16 नवंबर 2024, शनिवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा झारखंड के दुमका, मधुपुर और धनवार में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**झारखंड में 23 नवंबर को भाजपा की सरकार बनेगी और कांग्रेस-झामुमो और आरजेडी की जमानत जब्त होगी।**

****************

**हेमंत सोरेन जी, झारखंड में घुसपैठियों का राशन कार्ड और वोटर कार्ड कौन बनवा रहा है?**

****************

**झारखंड में आदिवासियों की जनसंख्या कम होने के जिम्मेदार हेमंत सोरेन हैं।**

****************

**हेमंत सोरेन झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की रक्षा नहीं कर सकते। इनकी रक्षा भाजपा करेगी और घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकालेगी।**

****************

**झारखंड में UCC लागू होकर रहेगा लेकिन आदिवासी भाई-बहनों को इससे बाहर रखा जाएगा।**

****************

**घुसपैठिये झारखंड के युवाओं का रोजगार छीन रहे हैं, आदिवासी बेटियों को दूसरी, तीसरी, चौथे नंबर की पत्नी बना, उनकी जमीने हड़प रहे हैं।**

****************

**भाजपा सरकार बनते ही JMM और कांग्रेस की सरकार में लूटे हुए पैसों की पाई-पाई वसूली जायेगी**

****************

**धरती आबा जी के जल, जंगल और ज़मीन की रक्षा के सपने को मोदी जी ने सुरक्षा, सम्मान और सम-विकास के साथ जोड़ा।**

****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को झारखंड के दुमका, मधुपुर और धनवार में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और कांग्रेस-झामुमो एवं आरजेडी के गठजोड़ पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस, जेएमएम और राजद की सरकार झारखंड में घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है और यहाँ के आदिवासियों का अधिकार छीन रही है जबकि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में झारखंड का विकास करते हुए आदिवासियों भाई-बहनों को सम्मान दिया है।** कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, सांसद श्री विवेक ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बालमुकुंद सहाय, जिलाध्यक्ष श्री सचिन, श्री गौरव कांत, जिला अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष राजेन्द्र दास, मधुपुर एवं दुमका विधानसभा चुनाव प्रभारी श्री भारत यादव, श्री सत्येन्द्र सिंह, भाजपा प्रत्याशी श्री सुनील सोरे एवं श्री सुरेश मुर्मू सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही तीसरे कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष और धनवार से प्रत्याशी श्री बाबूलाल मरांडी, झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री रवींद्र राय, केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, सांसद श्री निशिकांत दुबे और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि झारखंड के यह चुनाव केवल विधायक चुनने या सरकार बदलने का चुनाव नहीं हैं, यह चुनाव हेमंत सोरेन को हटाकर भाजपा का मुख्यमंत्री बनाने का भी चुनाव नहीं है, बल्कि **यह चुनाव झारखंड के युवाओं, माताओं-बहनों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के भविष्य को संवारने का अवसर है। झारखंड में परिवर्तन इसलिए जरूरी है ताकि भ्रष्टाचार को खत्म किया जा सके, घुसपैठ पर रोक लगाई जा सके, और माताओं-बहनों पर बढ़ते अत्याचारों को रोका**

**जा सके।** झारखंड के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिले, इसके लिए भी राज्य में बदलाव आवश्यक है। यह चुनाव झारखंड के हर वर्ग के सशक्तिकरण और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का चुनाव है। **सभा में आए लोगों की संख्या देखकर भाषण करने की आवश्यकता ही नहीं है, लोगों की संख्या ही बता रही है कि विपक्ष की जमानत जब्त हो जाएगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि संथाल की इस भूमि के संघर्ष के कारण ही झारखंड का निर्माण संभव हुआ। **जब यहां के लोग झारखंड राज्य के लिए लड़ाई लड़ रहे थे, तब उन पर गोलियां चलाई गईं और लाठियां बरसाई गईं। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, जिसने झारखंड को उसका अधिकार नहीं दिया। अब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बनने की लालसा में उसी कांग्रेस की गोद में जा बैठे हैं।** हेमंत सोरेन ने झारखंड की अस्मिता और इसके लिए संघर्ष करने वाले सैकड़ों युवाओं के बलिदान को भुला दिया है। **जो लोग लाठियां और गोलियां झेलकर झारखंड के सपने को साकार करने के लिए लड़े, उनकी कुर्बानी का हेमंत सोरेन पर कोई असर नहीं है। उनका एकमात्र लक्ष्य मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने रहना है, और इसके लिए वे कांग्रेस और आरजेडी की गोद में जा बैठे हैं।**

श्री शाह ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रयासों से हुआ था, और आज इस राज्य के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कर रहे हैं। **भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर दिल्ली के सराय काले खां में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है, और इस स्थल को अब "भगवान बिरसा मुंडा चौक" के नाम से जाना जाएगा।** यह सम्मान भाजपा ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी समुदाय के गौरव को समर्पित किया है। हेमंत सोरेन कहते हैं कि केवल प्रतिमा लगाने से क्या होता है, यह पूछने वाले शायद नहीं जानते कि भाजपा ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए हैं। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2021 में हर साल 15 नवंबर को "आदिवासी गौरव दिवस" के रूप में मनाने की शुरुआत की। इसके अलावा, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर "जनजातीय गौरव वर्ष" के रूप में वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है।** आजादी के बाद कई प्रधानमंत्री आए, लेकिन कोई भी "धरती आबा" बिरसा मुंडा के गांव तक नहीं गया, लेकिन **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने बिरसा मुंडा के गांव जाकर उन्हें नमन किया और आदिवासी समाज के प्रति अपने सम्मान को सच्चे अर्थों में प्रकट किया।** भाजपा का यह प्रयास केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के कल्याण और उनके अधिकारों को सशक्त करने का संकल्प है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **भगवान बिरसा मुंडा का मानना था कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा की जाए और जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के साथ-साथ सुरक्षा, सम्मान और समग्र विकास को जोड़ने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आजादी के 75 वर्षों बाद एक गरीब आदिवासी परिवार की बेटी श्रीमति द्रौपदी मुर्मू को देश का महामहिम बनाया। **मोदी सरकार ने 200 करोड़ रुपए की लागत से, देशभर में 10 आदिवासी संग्रहालय बनाने का कार्य भी किया और हर जगह सिद्धो कानों की मूर्तियों को जल्द ही स्थापित किया जाएगा।** देश के आदिवासियों के लिए यूपीए सरकार का अंतिम बजट मात्र 28 हजार करोड़ रुपए था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 33 हजार करोड़ रुपए किया। **मोदी सरकार ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड के इए 97 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए, जनजातीय विकास मिशन के तहत 36 हजार गांव को आगे बढ़ाने का काम किया और 708 एकलव्य आवासीय विद्यालय बनाने का कार्य किया।** भाजपा ने तो अपना हिसाब दे दिया, लेकिन हेमंत सोरेन को भी यूपीए सरकार के काम का हिसाब देना चाहिए।

श्री शाह ने कहा कि **हेमंत सोरेन सरकार ने वोटबैंक के लिए घुसपैठियों को बसाया और आदिवासी भाई-बहनों की जमीनों और जनसंख्या को कम किया।** यह घुसपैठिए हमारे युवाओं की रोजी-रोटी और रोजगार छीनते हैं और आदिवासी बहन-बेटियों से दूसरी और तीसरी शादी कर उनकी जमीनें हड़पते है। **घुसपैठियों में अपना वोटबैंक देखने वाले हेमंत सोरेन, झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की रक्षा नहीं कर सकते हैं।** राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद, एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर राज्य की सरहदों से बाहर किया जाएगा। बांग्लादेश के बॉर्डर पर कई नदी, नाले और रास्ते ऐसे हैं, जहां फेंसिंग नहीं हो पाई है, और इन्हीं रास्तों से घुसपैठिए भारत के राज्यों आते हैं। **हेमंत सोरेन की सरकार के दिशानिर्देश पर घुसपैठियों का राशन कार्ड, वोटर कार्ड आदि बनाया जाता है और ये लोग बिना किसी रोक-टोक, झारखंड की बेटियों से शादी कर लेते हैं। हाईकोर्ट ने इन घुसपैठियों को चिह्नित कर वापस भेजने के लिए कहा, मगर हेमंत सोरेन इस आदेश का विरोध कर रहे हैं** और सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध अर्जी लगाई है। अगर हेमंत सोरेन में हिम्मत है, तो वादा करें कि हाईकोर्ट के आदेश को राज्य में लागू करेंगे। हेमंत सोरेन सरकार की उलटी गिनती चालू हो गई है। **भाजपा की सरकार बनने के बाद एक कानून बनाया जाएगा, जिसके माध्यम से सभी हड़पी हुई ज़मीनों को वापस लेकर, उसके असली हकदार को लौटाया जाएगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने इतने घोटाले और भ्रष्टाचार किए हैं कि कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ रुपए मिलते हैं, झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के पीए के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपए पकड़े गए थे।** ये सारे पैसे झारखंड की जनता, युवाओं और माता-बहनों के कल्याण के लिए भेजे गए पैसे हैं, जिससे इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपने गहर भर लिए हैं। **23 नवंबर को झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के बाद सभी लूटे हुए पैसों की एक-एक पाई को वसूला जाएगा और राज्य कोष में जमा किया जाएगा।** इंडी गठबंधन ने भ्रष्टाचार का ऐसा रिकार्ड तोड़ा कि नोट गिनने वाली कई मशीनें गरम हो गई थी।

श्री शाह ने कहा कि **केंद्र में 10 वर्षों तक यूपीए की सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार रही, लेकिन झारखंड के विकास के लिए मात्र ₹84,000 करोड़ आवंटित किए गए।** इसके विपरीत, **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा उनके 10 वर्षों के कार्यकाल में झारखंड को ₹3,90,000 करोड़ प्रदान किए गए है लेकिन झारखंड की आम जनता तक एक रुपया भी नहीं पहुंचा क्योंकि हेमंत सोरेन के चट्टे-बट्टे सारा पैसा हजम कर गए।** केंद्र की मोदी सरकार के प्रयासों से झारखंड में किसान सम्मान निधि के तहत 30 लाख किसानों को लाभ मिला, 4.68 लाख "लखपति दीदी" बनाई गईं, 34 लाख घरों तक नल से स्वच्छ जल पहुंचाया गया, 2 लाख शौचालय बनाए गए, और 2 करोड़ 65 लाख लोगों को मुफ्त में 5 किलो राशन उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा, 18 लाख घर पीएम आवास योजना के तहत बनाए गए, देवघर को एक एयरपोर्ट मिला, और रांची में ट्रिपल आईटी की स्थापना हुई। **झारखंड की जनता यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनाती है, तो हर माताओं-बहनों के खातों में "गोगो दीदी" योजना के तहत ₹2,100 प्रतिमाह भेजे जाएंगे।** गैस सिलेंडर ₹500 में मिलेगा, और दिवाली व रक्षाबंधन पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की ओर से दो मुफ्त सिलेंडर दिए जाएंगे। इसके साथ ही**, युवाओं को "बेकारी भत्ते" के रूप में ₹2,000 प्रतिमाह दिया जाएगा।** भाजपा सरकार बनने पर विस्थापित लोगों के लिए पहले पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि विकास के साथ-साथ उनकी सुरक्षा और स्थायित्व भी बना रहे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने झारखंड धाम के लिए 300 करोड़ रुपए को मंजूरी प्रदान की है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। **भाजपा मुखियाओं का वेतन ₹2,500 से बढ़ाकर ₹5,000 करेगी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में झारखंड अब नक्सलवाद से काफी हद तक मुक्त हो चुका है, और वर्ष 2025 तक इसे पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य है।** इसके साथ ही वृद्धावस्था, विधवा, और विकलांगता पेंशन को ₹1,500 से बढ़ाकर ₹2,100 किया जाएगा। **भारतीय जनता पार्टी आदिवासी समुदाय को भरोसा दिलाती है कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का उनपर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा।** यह केवल विपक्षी इंडी गठबंधन का एक एजेंडा है, जो बेवजह लोगों को भड़काने की कोशिश कर रहा है। **हेमंत सोरेन मुसलमानों को आरक्षण देने की मंशा रखते हैं, जिससे यदि लागू किया गया तो एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के आरक्षण में कटौती होगी।** हालांकि, लोगों को इसपर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इंडी गठबंधन में ऐसा करने की हिम्मत नहीं है। **जब तक झारखंड में भाजपा का एक भी विधायक है, तब तक कोई भी आरक्षण का लाभ छीनने का साहस नहीं कर सकता।** झारखंड के युवाओं को भाजपा बिना किसी पेपर लीक के 2.85 लाख से अधिक सरकारी भर्तियां की जाएगी और अगले पांच वर्षों में 5 लाख युवाओं को रोजगार देगी।

श्री शाह ने कहा कि हाल ही में **कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को कांग्रेस पार्टी के नेताओं को यह सलाह देनी पड़ी कि वादे केवल वही करें जो पूरे किए जा सकें,** क्योंकि कांग्रेस ने कर्नाटक में जो वादे किए, वे पूरे नहीं हुए, हिमाचल प्रदेश में किए वादे भी अधूरे रहे, और तेलंगाना में किए वादे भी पूरे नहीं हुए। **राहुल गांधी वादे तो खटा-खट और फटा-फट करते हैं, और फिर वे विदेश चले जाते हैं।** वहीं, **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किए गए वादे पक्की और दृढ़ नीति की तरह होते हैं, जो हर हाल में पूरे होते हैं।** महिलाओं के लिए 50 लाख तक की संपत्ति खरीदने पर केवल 1 रुपये की स्टाम्प ड्यूटी का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को 15,000 रुपये मानदेय मिलेगा। किसान से 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदारी की जाएगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **70 सालों तक कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के निर्माण के मुद्दे को लटकाए रखा, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल के केवल 5 वर्षों में ही राम मंदिर का केस जीतने के साथ-साथ भूमि पूजन भी किया, भव्य राम मंदिर का निर्माण कराया और उसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी की।** इसके अलावा, श्री मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर को पुनः सोने से सजाया जा रहा है, और औरंगजेब के द्वारा तोड़े गए काशी विश्वनाथ मंदिर का भव्य कॉरिडोर भी बनाया गया है। **कांग्रेस पार्टी ने हमेशा राष्ट्रीय सुरक्षा को नजरअंदाज किया है। कांग्रेस पार्टी ने अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध किया और इसे बहाल करने की बात करती है।** लेकिन राहुल गांधी को समझना चाहिए कि उनकी चौथी पीढ़ी भी आ जाए तब भी इसे बहाल नहीं कर पाएगी। **यूपीए के 10 वर्षों के शासनकाल में पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में बम विस्फोट करते थे और आसानी से भाग जाते थे।** लेकिन वर्ष

2014 में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने एक नई ताकत और दृढ़ता दिखाई। **उरी और पुलवामा में हुए आतंकी हमलों के बाद, भारत ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकवादियों के खिलाफ सर्जिकल और एयर स्ट्राइक किए और 10 दिनों के भीतर आतंकियों का सफाया कर दिया।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने न केव भारत को सुरक्षित किया है, बल्कि समृद्ध भी किया है। वर्ष 2014 में जब मनमोहन सिंह ने सत्ता छोड़ी थी, तब भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी। लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत 11वें स्थान से उठकर आज 5वें स्थान पर पहुंच चुका है। अनुमान है कि दिसंबर 2027 के अंत तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि **झारखंड भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है, जो खनिज संपदा से भरपूर है और देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता रखता है। इसके बावजूद, झारखण्ड के लोग रोजगार की गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।** इसे दूर करने के लिए झारखंड में पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार का होना आवश्यक है। भाजपा राज्य में कई कारखाने स्थापित करेगी, जिससे लोगों को रोजगार के लिए अपने परिवारों को छोड़कर बाहर जाने की मजबूरी नहीं होगी। श्री शाह ने झारखंड के लोगों से अपील की कि **वे भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाएं और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा झारखंड को विकसित राज्य बनाएगा और आदिवासी भाई-बहनों को सुरक्षा एवं सम्मान दिलाएगा।** उन्होंने जनता से 'कमल' के निशान पर मतदान करने का आग्रह किया, ताकि झारखंड विकास और समृद्धि के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ सके।

********************